# प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया

## कार्यालय आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0 18794 दिनांक 04.10.2025 द्वारा प्रशाखा पदाधिकारियों के स्वीकृत बलों की संख्या 5 से बढ़ाकर 6 की गई है। उक्त के आलोक में आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया में स्वीकृत पदों के अनुरूप 06 (छः) प्रशाखाओं का सृजन/पुनर्गठन किया जाना विचाराधीन है।

2. उल्लेखनीय है कि पूर्व में कार्यालय में 05 प्रशाखाओं का गठन किया गया था, जो निम्न है :-

(i) स्थापना प्रशाखा (प्रशाखा-1)

(ii) विकास प्रशाखा (प्रशाखा-2)

(iii) राजस्व प्रशाखा (प्रशाखा-3)

(iv) निर्वाचन एवं समाज कल्याण प्रशाखा (प्रशाखा-4)

(v) लोक सेवा एवं सूचना का अधिकार प्रशाखा (प्रशाखा-5)

3. उक्त प्रशाखाओं के कालांतर में भंग होने, एक हीं प्रशाखा को एक से अधिक प्रशाखा पदाधिकारियों को एक साथ कार्यभारित किये जाने, प्रशाखाओं में एकरूपता नहीं रहने तथा प्रशाखा पदाधिकारी के स्वीकृत बलों में वृद्धि होने की स्थिति को देखते हुए नये प्रशाखा के सृजन/पुनर्गठन की आवश्यकता प्रतीत होती है। अतः आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया के अधीन निम्नांकित 06 प्रशाखाओं के सृजन/पुनर्गठन की स्वीकृत दी जाती है :-

(i) प्रशाखा सं0-1 (स्थापना प्रशाखा)

(ii) प्रशाखा सं0-2 (विकास प्रशाखा)

(iii) प्रशाखा सं0-3 (राजस्व प्रशाखा)

(iv) प्रशाखा सं0-4 (निर्वाचन एवं विविध प्रशाखा)

(v) प्रशाखा सं0-5 (लोक सेवा प्रशाखा)

(vi) प्रशाखा सं0-6 (सामान्य प्रशाखा)

4. उक्त प्रशाखाओं के कार्यक्षेत्र/विस्तार निम्नवत् होगा :-

| क्र0 | प्रशाखा सं0 | प्रशाखा का नाम | कार्यक्षेत्र/विस्तार |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रशाखा-1 | स्थापना प्रशाखा | 1. सामान्य प्रशासन विभाग (स्थापना संबंधी)<br>2. वित्त विभाग (बजट सहित)<br>3. मुख्यालय स्थापना<br>4. राजपत्रित स्थापना (सभी प्रमंडलस्तरीय/जिलास्तरीय स्थापना)<br>5. क्षेत्रीय स्थापना (सभी अनुमंडलस्तरीय/प्रखण्ड-अंचलस्तरीय स्थापना/क्षेत्रीय अराजपत्रित कर्मी)<br>6. प्रमंडलीय नजारत<br>7. लेखा/विपत्र/HRMS/CFMS<br>8. आरक्षण रोस्टर क्लीयरेंस |
| 2 | प्रशाखा-2 | विकास प्रशाखा | 1. सभी कल्याण विभाग<br>2. पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग<br>3. श्रम संसाधन विभाग<br>4. स्वास्थ्य विभाग<br>5. शिक्षा विभाग<br>6. सात निश्चय/बिहार विकास मिशन<br>7. पंचायती राज विभाग<br>8. नगर विकास एवं आवास विभाग<br>9. कृषि विभाग<br>10. ग्रामीण विकास विभाग<br>11. पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग/बिहार दर्शन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 12. उद्योग विभाग<br>13. गन्ना विभाग<br>14. खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग<br>15. योजना एवं विकास विभाग<br>16. सहकारिता विभाग<br>17. सभी अभियंत्रण विभाग |
| 3 | प्रशाखा-3 | राजस्व प्रशाखा | 1. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग<br>2. आंतरिक संसाधन<br>3. खान एवं भूतत्व विभाग<br>4. मद्य निषेध, निबंधन एवं उत्पाद विभाग<br>5. नीलाम पत्र वाद<br>6. आपदा प्रबंधन विभाग<br>7. राजस्व विभाग से संबंधित परिवाद/आवेदन पत्र<br>8. राजस्व पर्षद<br>9. कमांड एंड कंट्रोल/कॉल सेंटर |
| 4 | प्रशाखा-4 | निर्वाचन एवं विविध प्रशाखा | 1. सभी प्रकार का निर्वाचन संबंधी कार्य<br>2. गृह विभाग एवं आर्म्स<br>3. सभी छूटे हुए विभाग/कार्य |
| 5 | प्रशाखा-5 | लोक सेवा प्रशाखा | 1. विधि/न्यायालय कार्य<br>2. लोक शिकायत निवारण<br>3. निगरानी विभाग<br>4. मानवाधिकार<br>5. सूचना का अधिकार |
| 6 | प्रशाखा-6 | सामान्य प्रशाखा | 1. मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग<br>2. माँग पत्र एवं ज्ञापन<br>3. जन शिकायत<br>4. विभागीय जाँच<br>5. जनता दरबार<br>6. आगत एवं निर्गत<br>7. आवास आवंटन<br>8. खेल विभाग<br>9. कला एवं संस्कृति विभाग<br>10. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग<br>11. सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग<br>12. पुस्तकालय |

5. उक्त प्रशाखा का पुनर्गठन/सृजन इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

6. उक्त प्रशाखाओं का संचालन विधिवत् एवं नियमानुसार किया जायेगा।

7. उक्त आदेश पर आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/-

आयुक्त के सचिव
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 3732 पूर्णिया, दिनांक 01.08.2026

प्रतिलिपि :-सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/वरीय सचिवालय सहायक/कनीय सचिवालय सहायक/प्रतिनियुक्त लिपिक/आई0टी0 प्रबंधक/कार्यालय परिचारी/अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/7/26

आयुक्त के सचिव
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।